संख्या-3287/36-6-2006-19(टी)/2004

प्रेषक,

डा0 गुरदीप सिंह
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,
उ0 प्र0, लखनऊ ।

श्रम अनुभाग-6

लखनऊ : दिनांक : 15 दिसम्बर, 2006

विषय:- वित्तीय वर्ष 2006-07 में अनुसूचित जाति सब प्लान के अन्तर्गत 50 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु पदों का सृजन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या-219/तीन/वि-4-2006-मंत्रि परिषद, दिनांक 8.6.2006 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2006-07 में अनुसूचित जाति सब प्लान के अन्तर्गत 50 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (संलग्नक-1) की स्थापना तथा प्रथम चरण में इन संस्थानों में 4 व्यवसायिक पाठ्यक्रम-ड्रेस मेकिंग, मैकेनिक कम्प्यूटर इलेक्ट्रानिक, वेल्डर (गैस एण्ड इलेक्ट्रिक) एवं महिलाओं हेतु फैशन टेक्नालाजी के संचालन हेतु विभिन्न श्रेणी के 900 अस्थायी पदों को (संलग्नक-2 के अनुसार) दिनांक 28.2.2007 तक इस शर्त के साथ सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि उक्त अस्थायी पदों को बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है ।

2- उक्त पदों की निरन्तरता शासन की सहमति से समय-समय पर आवश्यकतानुसार जारी करायी जायेगी ।

3- उक्त संस्थानों में स्वीकृत प्रशिक्षण सीटों में 60 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रशिक्षार्थियों तथा 20 प्रतिशत सीटें पिछड़ी जाति के प्रशिक्षार्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी ।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-83 के लेखा शीर्षक-2230-श्रम तथा रोजगार-आयोजनागत-03-प्रशिक्षण-101-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-03-राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के अन्तर्गत सुसंगत इकाइयों के नाम डाला जायेगा ।

5- ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-2031/दस-2006, दिनांक-14.12.2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

ह0/-

(डा0 गुरदीप सिंह)
सचिव ।

.....2/-